नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




# भारतीय अर्थव्यवस्था में विकसित राष्ट्र की नींव

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा
- ये सरकार की बारीक योजना और अथक प्रयास का प्रतिफल




**नई दिल्ली, 12 फरवरी. भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय उस मुकाम पर खड़ी है, जिसे अर्थशास्त्र की भाषा में 'दुर्लभ संतुलन' कहा जाता है. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को राज्यसभा में बजट चर्चा का जवाब देते हुए इस बारे में बात कही.**

उन्होंने कहा कि देश में मजबूत जीडीपी वृद्धि और ऐतिहासिक रूप से कम मुद्रास्फीति का दौर कोई संयोग या 'तुक्का' नहीं है. उन्होंने इसे सरकार की बारीक योजना, अथक प्रयास और समयबद्ध कार्रवाई का नतीजा बताया. सीतारमण ने जोर देकर कहा कि बजट 2026-27 भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की नींव को और मजबूत करेगा. आंकड़ों की जुबानी वित्त मंत्री ने सदन में आंकड़ों के साथ सरकार का पक्ष रखा. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमानों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि नॉमिनल ग्रोथ लगभग 8 प्रतिशत रहेगी. सबसे बड़ी राहत महंगाई के मोर्चे पर है, जहां सीपीआई मुद्रास्फीति घटकर लगभग 2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है. सीतारमण ने इसे भारत का स्वर्णमय क्षण करार दिया.

### राहुल गांधी को राहत कम, आफत ज्यादा

केंद्र सरकार राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव नहीं लाएगी. सूत्रों के मुताबिक फिलहाल इस पर आखिरी फैसला नहीं लिया गया है. बीजेपी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने उनके भाषण के कथित आपत्तिजनक हिस्सों को हटाने के लिए नोटिस दिया है. दूसरी तरफ, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर लगाए गए आरोपों का जवाब वे खुद सदन में देंगे इसी के साथ लोकसभा को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है. वहीं बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के कथित अनैतिक आचरण की जांच के लिए संसदीय जांच समिति गठित करने की मांग की है.

### पीएम मोदी आज नए ऑफिस में होंगे शिफ्ट



नई दिल्ली, 12 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन करेंगे. पीएम दोपहर करीब 1.30 बजे सेवा तीर्थ बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स का नामकरण करेंगे. इसके बाद वे सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे. वे शाम करीब 6 बजे सेवा तीर्थ में कार्यक्रम को भी संबोधित भी करेंगे.

# गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर नहीं हो समझौता

## सीएम ने कार्यशाला में इंजीनियरों को दी नसीहत



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंजीनियरों को नसीहत दी है. उन्होंने कहा कि बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप अब हर निर्माण कार्य में कन्सेप्चुअल और क्वालिटेटिव एप्रोच अनिवार्य रूप से दिखाई देना चाहिए. गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाना चाहिए. प्रदेश के विकास के लिए हम सभी को पूरी क्षमता दक्षता से काम करना होगा.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को रवीन्द्र भवन में लोक निर्माण विभाग के तहत मप्र भवन विकास निगम द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान प्रदेशभर से आए दो हजार से अधिक इंजीनियरों से मुख्यमंत्री ने कहा कि वैचारिक प्रतिबद्धता और कार्यशैली में जड़ता से बचने और बदलती तकनीकों के अनुरूप स्वयं को अद्यतन रखने के लिए कौशल संवर्धन अत्यंत आवश्यक है.

( शेष पेज 9 पर )

# जादू-टोना के शक में दो बुजुर्गों की हत्या

- पत्नी के गर्भपात के बाद पनपा था शक
- बीच-बचाव करने पहुंचे दो ग्रामीण गंभीर घायल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 12 फरवरी. देवसर क्षेत्र के जियावन थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरवा के लोहरा गांव के में गुरुवार तड़के एक युवक ने जादू-टोना के शक में दो बुजुर्गों की बेरहमी से हत्या कर दी.**

मृतकों की पहचान फूल कुमारी सिंह गोंड पति गोरेलाल सिंह उम्र 50 वर्ष एवं केवल नारायण सिंह पिता बलदेव सिंह उम्र 65 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम लोहरा के बैरिहवा टोला के रूप में हुई है.

आरोपी छत्रपति सिंह उम्र 21 वर्ष ने कथित रूप से सुनियोजित तरीके से दोनों बुजुर्गों को पूजा-पाठ के बहाने अपने घर बुलाया. आरोपी को अपनी पत्नी के कुछ माह पूर्व हुए गर्भपात को लेकर शक था कि मृतक दंपति ने जादू-टोना किया है. मौके से पूजा सामग्री भी बरामद हुई है. वहीं आरोपी ने बीच बचाव करने आए सुमित्रा सिंह उम्र 38 वर्ष और रामभजन सिंह उम्र 35 वर्ष पर भी आरोपी ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए.


**इनका कहना है**

आरोपी के आंगन से दोनों शवों को लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया है. जादू-टोने के शक में हत्या करने का आशंका है.

**- गायत्री तिवारी,** एसडीओपी, देवसर

# 3.60 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**नई दिल्ली, 12 फरवरी. केंद्र सरकार ने वायु सेना के लिए खरीदी के प्रस्ताव को गुरुवार को हरी झंडी दिखा दी.**



रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई. यहां 3.60 लाख करोड़ रुपए की लागत से राफेल लड़ाकू विमानों के साथ-साथ नौसेना के लिए आठ पी- 8 आई टोही विमानों , मिसाइलों तथा स्यूडो सेटेलाइट की खरीद को भी मंजूरी दी गई.

रक्षा खरीद बोर्ड ने फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी, जबकि अभी वायु सेना के पास 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं. मंत्रालय ने बताया कि परिषद की बैठक में सेना के लिए टैंक रोधी सुरंगों ( वैभव) और टी -72 टैंकों तथा इंफेन्ट्री के लिए युद्धक वाहनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है.







**BHOPAL: SRISATYASAI AUTOMOBILES:** 9399022210, 9399022212. **JEEWAN MOTORS:** 9826700574, 9826420748. **SATYAM MOTORS:** 9522422022, 180012311011. **RAJRUP MOTOR JUNCTION:** 0755-4063501, 9926100501. **DAGA MOTORS:** 9109900394, 9109900303.

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. ADAS features are for driver assistance only. Driver is responsible for safe and attentive driving. Features may vary by model/conditions. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the Owner's Manual. Trademarks/logos being displayed belong to the respective owners. Infinity is the trademark of HARMAN International Industries, Incorporated. Dolby, Dolby Audio, Dolby Atmos and the double-D symbol are registered trademarks of Dolby Laboratories Licensing Corporation. Amazon, Alexa, and all related marks are trademarks of Amazon.com, Inc. or its affiliates. *Price for ex-showroom Delhi for Lxi (Petrol Variant) is ₹10 49 900/-. **The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offer is valid only on Victoris.